दैनिक भास्कर
आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
6 Feb 2016

भारतीय रबड़ उद्योग का प्रतिनिधि मंडल मोहिंदर गुप्ता के नेतृत्व में जापान होगा रवाना

जालंधर | ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आइरिया) का एक 14-सदस्यीय व्यापार प्रतिनिधि मंडल रबड़ क्षेत्र में व्यापार एवं निवेश के अवसरों को तलाशने के उद्देश्य से 8 - 12 फरवरी, 2016 तक जापान की यात्रा पर रहेगा। प्रतिनिधि मंडल को भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम एंटरप्राइजेज मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आइरिया) के अध्यक्ष एवं विंको ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मोहिंदर गुप्ता करेंगे। अपनी पांच दिन की यात्रा में आइरिया के सदस्य विभिन्न उद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।